तापमान

अधिकतम 26.4 डिग्री

न्यूनतम 12.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]



शुक्रवार को अहमदाबाद एक्सप्रेस यात्रियों से खचाखच भरकर आई। इसके जनरल कोच में खड़े होने की भी जगह नहीं थी।

हाँ, ये सच है
1,49 990/-Only
2BHK FULL Furniture Interior
• Modular • Dinning
• Bed. • TV Unit
• Almira
T&C APPLY
Home@Home
Near Science College, Bilaspur
Mo. 8109024488, 958444744

# हस्तांतरण से ही मिलेगा विकसित एयरपोर्ट, सरकार बदलने से उम्मीदें बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चकरभाठा स्थित बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट को विकसित और व्यवस्थित एयरपोर्ट बनाने की कवायद 4 सालों से जारी है लेकिन सूबे में सरकार बदलते ही इसके त्वरित उन्नयन की संभावना बढ़ गई है। बिलासपुर जिले से 4 विधायक और प्रदेश व केन्द्र में एक ही पार्टी की सरकार होने का फायदा एयरपोर्ट को मिलेगा और विकास का रास्ता साफ हो सकेगा। ऐसे में उम्मीद है कि एयरपोर्ट के विकास के लिए राज्य सरकार से जमीन का हस्तांतरण एएआई को किया जा सकता है जिससे एयरपोर्ट का विकास तेजी से हो सकेगा।

बिलासा एयरपोर्ट के विकास में सबसे बड़ी बाधा 4 सी एयरपोर्ट नहीं होना है। पिछली सरकार ने बीते साल 29 करोड़ रूपए जिला प्रशासन को दिए हैं, जिस पर निर्माण कार्य जारी है। वहीं चकरभाठा की 1112.8 एकड़ जमीन सेना से लेने का फैसला कैबिनेट में लिया था और 90 लाख रूपए खाते में जमा भी करा दिए गए लेकिन बाद में सेना ने इस मामले में पलटी मारते हुए वर्तमान बाजार मूल्य पर मुआवजा देने की बात कही। इसके बाद एयरपोर्ट का निर्माण कार्य और उन्नयन की प्रगति दोनों प्रभावित हुई। अब नई सरकार आने के बाद विकसित एयरपोर्ट के काम में तेजी आने की उम्मीद है, लेकिन इससे पहले एयरपोर्ट को एएआई के हाथों में सौंपने की तैयारी की जा सकती है। दरअसल एयरपोर्ट प्रबंधन पिछले 4 सालों से पीडब्ल्यूडी से निर्माण कार्य करा रहा है लेकिन अब तक 3 सीआईएफआर केटेगरी का एयरपोर्ट नहीं बन सका है, जबकि एएआई महज दो साल के भीतर विकसित और व्यवस्थित एयरपोर्ट बना सकती है।

### 4 सालों से बनाया जा रहा है 3 सी आईएफआर एयरपोर्ट

### एएआई, पीडब्ल्यूडी और डीजीसीए में कम्यूनिकेशन गेप




### बन सकता है एयरपोर्ट टाउनशिप

एयरपोर्ट के पास 357 एकड़ जमीन है, वहीं सेना के हिस्से से 1112.8 एकड़ जमीन मिल सकती है। इस लिहाज से एयरपोर्ट टाउनशिप, एयरक्राफ्ट मेंटनेंस हब, 2700 मीटर से अधिक लंबे दो रन वे और 500 यात्रियों के लिए ट्रर्मिनल बिल्डिंग बनाई जा सकती है। वहीं रन वे की लंबाई 2885 मीटर और चौड़ाई भी 45 मीटर की जा सकेगी। इससे बोइंग और एयरबस जैसे एयरक्राफ्ट चलाने के लिए पहले फेज में रन वे को 700 मीटर और बढ़ाया जा सकेगा। वहीं दूसरे फेज में रन वे की लंबाई को 2885 मीटर किया जा सकेगा, जिसमें 300 सीटर बोइंग और एयरबस की उड़ान बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से संभव हो सकेगा। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर का रन वे बनाया जा सकेगा।



### शहर विधायक अमर की प्राथमिकता में है एयरपोर्ट

वरिष्ठ भाजपा नेता, शहर विधायक अमर अग्रवाल ने अपने चुनाव अभियान के दौरान बिलासपुर एयरपोर्ट को विकसित करने एवं देश के बड़े शहरों से जोड़ने के लिए इसे एएआई को सौंपने की बात कही थी। अब लोगों को उम्मीद है की डबल इंजन की सरकार में एयरपोर्ट तेजी से विकसित होगा।

### अधिकारियों के बीच तालमेल की कमी

बताया जा रहा है कि ज्यादातर एयरपोर्ट का विकास एएआई के अधीन किया गया है, जबकि बिलासा देवी एयरपोर्ट के मामले में स्थिति बिल्कुल अलग है। एयरपोर्ट प्रबंधन व पीडब्ल्यूडी राज्य सरकार के इशारे पर कार्य करते हैं, जबकि एएआई केन्द्र सरकार के तय मानकों पर कार्य करती है, जिसके चलते अब तक काम में ढिलाई बरती जाती रही है। अधिकारियों के बीच तालमेल की कमी के चलते एयरपोर्ट का विकास पिछड़ रहा है। साथ ही एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग नहीं होने के कारण निजी विमानन कंपनी आकर्षित नहीं होती है।

### जमीन हस्तांतरण राज्य सरकार का निर्णय

जमीन हस्तांतरण करना राज्य सरकार का निर्णय होता है। अब तक एएआई द्वारा बताए गए निर्माण कार्य समय पर होते आए हैं। एयरपोर्ट के विकास के लिए चरणबद्ध तरीके से काम किया जाता है। नाइट लैंडिंग की टेस्टिंग की जा चुकी है, वहीं पीडब्ल्यूडी के बाकी के काम भी पूरे होने वाले हैं, जिससे जल्द ही 3सी आईएफआर केटेगरी का एयरपोर्ट तैयार हो जाएगा।

- **एनबी सिंह**, डायरेक्टर, बिलासा एयरपोर्ट

## खबर संक्षेप



### जानलेवा साबित हो रही जवाली नाला की सड़क

**बिलासपुर।** जवाली नाला के ऊपर बना पुल लोगों के लिए आने जाने का सुलभ रास्ता बन गया है, लेकिन निगम द्वारा सड़क की उपेक्षा लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। बृहस्पति बाजार के पास बनी सड़क का स्लैब जर्जर होकर टूट चुका है, जिसमें बाइक का चक्का फंसने की आशंका है। ऐसे में रात के अंधेरे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है,जिसके चलते इस मार्ग से गुजरना जानलेवा साबित हो रहा है। दिन के समय इस सड़क से लोग आवागमन कर रहे हैं लेकिन रात होते ही सड़क पर आवागमन पूरी तरह से बंद है।

### पीएससी-2023 के लिए आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** पीएससी-2023 के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 दिसंबर तक किए जा सकते हैं। प्रारंभिक परीक्षा यानी प्रीलिम्स 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। ध्यान रहे कि राज्य सेवा के कुल 242 पदों पर भर्ती होगी। इसमें डिप्टी कलेक्टर के 8 पोस्ट हैं। इस बार डीएससी का पद नहीं है। पिछली बार की राज्य सेवा परीक्षा के लिए एक लाख से अधिक छात्रों ने फार्म भरा था। इसमें डिप्टी कलेक्टर, छग राज्य वित्त सेवा अधिकारी, खाद्य अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला पंजीयक, राज्य कर सहायक आयुक्त, अधीक्षक जेल जिला, सहायक संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति, सहायक पंजीयक, जिला सेनानी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, बाल विकास परियोजना अधिकारी, छग अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी, नायाब तहसीलदार, राज्य कर निरीक्षक, सहायक निरीक्षक/ सहकारिता विस्तार अधिकारी का पद शामिल है।

### कांग्रेस नेताओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने का दिया आदेश

# हाईकोर्ट की टिप्पणी-पुलिस ही जांच एफआईआर में करती है गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जिले के सिविल लाइन सीएसपी संदीप पाटिल को जमीन मामले में सुनवाई के दौरान पुलिसिया जांच को लेकर जमकर फटकार लगाई है। सुनवाई के दौरान मामले में एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने से नाराज जस्टिस एन के व्यास ने कहा कि पुलिस ही जांच और एफआईआर में गड़बड़ी करती है। मामले में कुछ नेताओं का नाम सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि पुलिस पर कहीं कोई राजनैतिक दबाव तो नहीं था। हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि इस मामले में रजिस्टर्ड एफआईआर होनी चाहिए। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद सीएसपी ने तुरंत नोटरी के साथ एफआईआर करने की बात कोर्ट में कही।

दरअसल सरकंडा क्षेत्र के चांटीडीह स्थित नगीना मस्जिद के पास रहने वाले पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रज्जब अली (52) बिल्डिंग मटैरियल सप्लाई का काम करते थे। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर उनकी दुकान है, उसी जमीन को लेकर उनका विवाद चल रहा था। वे मानसिक तनाव में चल रहे थे।साल भर पहले इसी तनाव में उन्होंने अपने घर के आंगन में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में कांग्रेस नेता अकबर खान और दीपेश चौकसे के खिलाफ शिकायत हुई थी लेकिन पुलिस ने गंभीरता से नहीं लिया। मृतक रज्जब अली की जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला था। इसमें उन्होंने परिवार के सदस्यों से माफी मांगते हुए अपने आपको कांग्रेस कार्यकर्ता बताते हुए मुख्यमंत्री से अपने परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की मांगी थी। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया था।




**हाईकोर्ट की फटकार के बाद सीएसपी ने तुरंत नोटरी के साथ एफआईआर करने की बात कही**

### पुलिस ही जज बन गई

जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने कहा कि मामले में पुलिस ही फैसला करने वाली बन रही है। यह काम कोर्ट का है, पुलिस का नहीं। शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास ने कड़े शब्दों में सीएसपी पाटिल से कहा कि ऐसा क्या हो जाता है कि बड़े लोगों के ऊपर एफआईआर करने से आनाकानी होती है।

### कांग्रेस नेताओं पर प्रताड़ना का आरोप

मामले में मृतक व्यवसायी कांग्रेस नेता के बेटे हमाम अली और बेटी शबाना बेगम ने अपने पिता की मौत के लिए कांग्रेस नेता अकबर खान और तैय्यब हुसैन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि उनकी दुकान की जमीन में कब्जा करने और उसे तोड़ने की धमकी दी जा रही थी। उन्होंने बताया कि अकबर खान और तैय्यब हुसैन ने रज्जब की दुकान के बगल की जमीन का सौदा किया है। इसके बाद वे रज्जब की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके कारण वे मानसिक रूप से तनाव में आ गए थे। मृतक के पुत्र हमाम अली के अनुसार उनकी जमीन चांटीडीह में स्थित है, जिसमें पिछले 20 साल से पारिवारिक विवाद चल रहा है। इसी जमीन से लगी एक आदिवासी की जमीन है जिसमें अकबर खान और तैयब हुसैन द्वारा गलत तरीके से सीमांकन कराया गया है। इस पर आपत्ति भी दर्ज कराई गई है। परिजन के अनुसार गौंड की जमीन 20 फीट पीछे है। हमारी दुकान भी खाली कर 20 फीट पीछे बनाने के लिए दोनों मिलकर पिता को प्रताड़ित करते थे।

# 3 साल में मजबूत हुई अपेक्स की कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



**अपेक्स बैंक के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स) के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। 3 साल के कार्यकाल में उन्होंने राज्य सहकारी बैंक की छवि को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के प्रयास किया।

हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्री चंद्राकर ने बताया कि उन्होंने आज अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। अपने कार्यकाल पर संतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए हमने जो प्रयास किए हैं इसका लाभ राज्य के सहकारी क्षेत्र को मिलेगा। इसी कार्यकाल में जशपुर और रायगढ़ जिले में चल रहीं 10 शाखाओं को किराए के भवन से स्वयं के भवन में शिफ्ट करने का मार्ग प्रशस्त किया गया। चार शाखाओं के लिए भवन भी तैयार हो गए हैं। अपेक्स बैंक में अब तक कोई ट्रेनिंग की व्यवस्था नहीं थी। इसके लिए पंडरी में ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया, जिसमें देश भर के विशेषज्ञ आकर ट्रेनिंग दे रहे हैं। नया रायपुर में एनआरडीए से 2 एकड़ जमीन लेकर भूमि पूजन भी किया जा चुका है। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर कोआपरेटर्स का बड़ा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें नेस्काब, इसको सहित बड़ी सहकारी संस्थाओं के 1500 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। सहकारी क्षेत्र का यह सबसे बड़ा सम्मेलन था जो छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया। श्री चंद्राकर ने बताया कि कर्मचारियों की भर्ती की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। व्यापमं इसे अंतिम रूप दे रहा है। इस कार्यकाल में 29 नई शाखाएं प्रारंभ की गई हैं जो राज्य के किसानों, नागरिकों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी।

# ठिठुरन बढ़ी : पारा 12 डिग्री के करीब पहुंचा

**बिलासपुर।** जिले में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इस सीजन में पहली बार पारा 12 डिग्री के करीब पहुंचा है। सुबह और शाम को नम हवाओं के साथ ही ठिठुरन बढ़ने लगी है। उत्तर से चलने वाली हवाओं ने भी इन दिनों अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज कराई है। शुक्रवार सुबह और शाम अच्छी ठंड महसूस हुई। शहर के साथ ही आउटर में ठंड का असर ज्यादा रहा। पिछले सप्ताहभर से न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हो रहा है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान और गिरावट दर्ज की जाएगी। शुक्रवार को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। पेण्ड्रारोड में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं प्रदेश में सर्वाधिक कम तापमान अम्बिकापुर में 6.1 डिग्री रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञानिक डॉ.एचपी चंद्रा के अनुसार एक पश्चिम विक्षोभ 5.8 किलोमीटर पर 58 डिग्री पूर्व उत्तर पर स्थित है। इसके कारण नमी में वृद्धि होने की संभावना है। शनिवार 16 दिसंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### 20 चौराहों पर जल रहे अलाव

बढ़ती ठंड को देखते हुए शहर के 20 से अधिक चौक-चौराहों में नगर निगम द्वारा अलाव की



व्यवस्था की गई है। अलाव के लिए लकड़ी की जगह गोठान में निर्मित गोकाष्ठ का उपयोग किया जा रहा है। निगम ने पुराना बस स्टैंड, राजीव गांधी चौक, सिटी कोतवाली, नेहरू चौक, मंगला चौक सहित अन्य चौराहों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है। ताकि नागरिकों को बढ़ती ठंड में राहत मिल सके।



**निगम बेखबर**

**रात को डिवाइडर तोड़ा, मलबा भी हटा दिया**

**बिलासपुर।** यातायात व्यवस्था बनाने और लोगों की सुरक्षा के लिए शहर की सड़कों पर डिवाइडर बनाए गए हैं। लेकिन इंदू चौक से मगरपारा जाने वाली सड़क पर बना डिवाइडर तोड़ दिया गया है। बताया जा रहा है कि लगभग 20 से 25 फीट डिवाइडर तोड़कर तत्काल मलबा भी हटा दिया गया। इसे देखकर ऐसा लग रहा है जैसे योजना बनाकर डिवाइडर को तोड़ा गया है। वहीं निगम के अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है। आसपास के लोगों ने बताया कि रात में एक्सीवेटर के सहारे डिवाइडर हटाया गया है।

## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही **25 रूपये** का डाक टिकट लगा हूआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक।**

कार्यालय का पता:-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
........................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ........................ 2. पिता / पति ........................
3. जन्म तिथि अंकों में ........................ 4. वर्ग: - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ........................ पोस्ट ........................ तहसील ........................
थाना ........................ जिला ........................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ........................ मो. नं. 2 ........................ वाट्सअप नं. ........................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ........................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923

### कार्यपरिषद में सदस्य के रूप में शामिल होंगे नए विधायक

# सत्ता बदली, अब बदलेंगे विवि कार्यपरिषद के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन के बाद अब प्रदेश की सभी यूनिवर्सिटी में इसका प्रभाव पड़ेगा और सभी स्टेट यूनिवर्सिटी में नए सिरे से कार्य परिषद, एक्जिक्यूटिव कौंसिल का गठन होगा। सभी यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद में इस बार चुनाव जीतकर आए नवनिर्वाचित विधायकों को सदस्य के रूप शामिल किया जाएगा। क्योंकि पुराने कई विधायक चुनाव हार गए हैं, जिनकी सदस्यता समाप्त हो गई है।

विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में सरकार बदल गई है। कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई है और भाजपा फिर से सरकार में आ गई है। सरकार बदलने का असर शासकीय विभागों, सरकारी कामकाज के साथ साथ सभी यूनिवर्सिटी में पड़ेगा और यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद में भी बड़ा बदलाव होगा। कार्य परिषद में जनप्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल पुराने विधायक बदल जाएंगे।

■ पुराने कई सदस्य विधायक का चुनाव हार गए

कई पुराने विधायक तो चुनाव भी हार गए हैं और वर्तमान में वे जनप्रतिनिधि नहीं रह गए हैं, इसलिए सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति समाप्त हो गई है। इसलिए पुराने विधायक सदस्यों की जगह पर अब विधानसभा चुनाव में निर्वाचित होकर आए नए विधायकों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। सभी यूनिवर्सिटी में जनप्रतिनिधि के रूप में संबंधित क्षेत्रों के पांच-पांच विधायकों को शासन की ओर से सदस्य नियुक्त किया जाता है।

### अटल यूनिवर्सिटी में थे ये पांच विधायक

अटल यूनिवर्सिटी बिलासपुर के कार्य परिषद में बिलासपुर के कांग्रेस विधायक शैलेष, पाली तानाखार के कांग्रेस विधायक मोहितराम, मरवाही के कांग्रेस विधायक डॉ. केके ध्रुव, मुंगेली के भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले, अकलतरा के भाजपा विधायक सौरभ सिंह सदस्य के रूप में शामिल थे। इन पांचों विधायकों को कार्य परिषद सदस्य नियुक्त हुए सालभर भी नहीं हुआ था कि इनमें मोहितराम, शैलेष पांडेय, सौरभ सिंह, केके ध्रुव विस चुनाव हार गए। केवल पुन्नूलाल मोहले चुनाव जीते हैं, किन्तु उनका भी नाम सदस्य के लिए फिर से आएगा।

### रायगढ़ यूनिवर्सिटी में रहे ये विधायक

शहीद नंदकुमार पटेल रायगढ़ विवि में रायगढ़ से कांग्रेस विधायक प्रकाश नायक, पत्थलगांव से कांग्रेस विधायक रामपुकार सिंह, लैलूंगा विधायक चक्रधर सिदार, धरमजयगढ़ से कांग्रेस विधायक लालजीत सिंह राठिया व सारंगगढ़ से कांग्रेस विधायक उत्तरी जांगड़े कार्य परिषद सदस्य थे। लेकिन चुनाव में इनमें से प्रकाश नायक और रामपुकार सिंह चुनाव हार गए हैं जबकि चक्रधर सिदार चुनाव नहीं लड़े हैं। इस तरह अब रायगढ़ यूनिवर्सिटी में भी नया कार्य परिषद बनेगा और वहां पर नवनिर्वाचित विधायकों को कार्य परिषद में नामांकित किया जाएगा।

### ईसी अनुमोदन बिना नहीं होता कोई काम

वैसे तो किसी भी यूनिवर्सिटी में बहुत से समितियां होती है। लेकिन कार्य परिषद और विद्या परिषद दो महत्वपूर्ण बॉडी होती है। विद्या परिषद में एकेडमिक विषयों, मुद्दों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाते हैं और उनमें सदस्य भी एकेडमिक क्षेत्र से होते हैं। वहीं कार्य परिषद सर्वोच्च बॉडी मानी जाती है, जहां विद्या परिषद के भी निर्णय अनुमोदन के लिए रखे जाते हैं। कार्य परिषद में शैक्षणिक, अकादमिक, प्रशासनिक सारे निर्णय लिए जाते हैं। किसी तरह की कोई अनियमितता, गड़बड़ी या कार्रवाई का मामला हो तो भी अंतिम निर्णय कार्य परिषद में ही होता है। यहां तक यूनिवर्सिटी में टीचिंग व नान टीचिंग पदों पर किसी तरह की नियुक्ति, भर्ती का मामला हो तो कार्य परिषद की बैठक में ही चयनित उम्मीदवार का बंद लिफाफा खुलता है और कार्य परिषद के अनुमोदन के बाद नियुक्तियां होती है।

**खबर संक्षेप**

## डिप्टी सीएम साव करेंगे विकसित भारत यात्रा का शुभारंभ



**बिलासपुर।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद अरूण साव का शनिवार को बिलासपुर आगमन हो रहा है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव यहां विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे और स्वदेशी मेला में भी शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव शनिवार को सड़क मार्ग से रायपुर से बिलासपुर आएंगे। उप मुख्यमंत्री बनने के बाद श्री साव का पहली बार बिलासपुर आगमन हो रहा है। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। श्री साव दोपहर 1.40 बजे नेशनल हाईवे मार्ग से होते हुए सरगांव पहुंचेंगे। इसके बाद 3 बजे मुंगेली नाका चौक में आयोजित विकसित भारत यात्रा का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे रात्रि 7.30 बजे को साइंस कालेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में शामिल होंगे।

## श्री बालाजी मंदिर में अक्षत कलश का स्वागत समारोह कल



**बिलासपुर।** प्रभु श्रीराम लल्ला के बाल स्वरूप मूर्ति की स्थापना 22 जनवरी को अयोध्या में होगी। पूरे हिंदुस्थान में अयोध्या से निकले निमंत्रण के रूप में अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा 17 दिसंबर को दोपहर 2 बजे श्री राम मंदिर तिलक नगर से निकाली जाएगी।

रेलवे परिक्षेत्र एनई कालोनी स्थित श्री कोदंडा रामलयम एवं श्री बालाजी मंदिर में अक्षत कलश का भव्य स्वागत किया जाएगा। मंदिर के सहसचिव जी.रविकन्ना ने बताया कि रेल्वे परिक्षेत्र एनईकालोनी स्थित श्री कोदंडा रामालयम एवं श्री बालाजी मंदिर में धनुर्मास धार्मिक अनुष्ठान पूजा 17 दिसंबर से 13 जनवरी तक हर दिन सुबह 5 बजे से सुबह 6.30 बजे श्री गोदादेवी मां का कुमकुम पूजा होगी।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में शामिल हुए अमर, लिया आशीर्वाद



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर फेस -2 में स्व. डा. बलभद्र शरण सिंह ठाकुर की स्मृति में 8 दिसंबर से 17 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 16 दिसंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में नगर विधायक अमर अग्रवाल शामिल होकर आचार्य श्री का आशीर्वाद लिया। यहां आचार्य नीरज भूषण मिश्र सीपत अकलतरी वाले जोरापारा सरकंडा अपनी मधुरवाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति रस का पान करा रहे हैं। इसमें मुख्य यजमान अजय सिंह- नीतू सिंह हैं। इसे सफल बनाने में रामशरण सिंह चौहान, विजय सिंह, अजय सिंह, चित्रसेन सिंह आदि का सहयोग मिल रहा है। आचार्य श्री द्वारा 15 दिसंबर को श्री कृष्ण स्वधाम गमन चढ़ोत्री का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कल 16 दिसंबर को तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा, पूर्णाहुति का कार्यक्रम होगा। इसी तरह 17 दिसंबर को ब्राम्हण भोज कराया जाएगा। यहां प्रतिदिन भक्तिरस का आनंद लेने श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## पीएनबी ने अधिवक्ताओं का जीरो बैलेंस में खोला करेंट अकाउंट



**बिलासपुर।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा बड़े कार्पोरेट के एक्जीक्यूटिव व अधिकारियों को 50 लाख रुपए तक निःशुल्क बीमा सुविधायुक्त विशेष वेतन खाता के साथ जिला सत्र न्यायालय में अधिवक्ताओं के लिए एक्सपर्ट करेंट खाता खोलने का विशेष कैम्प लगाया गया। यह कैंप कलेक्टोरेट शाखा के वरिष्ठ प्रबंधक गजानन्द राठौर के नेतृत्व में सीएसी रायपुर की सुश्री सोनी के मार्गदर्शन में लगाया गया। ग्राहक संकलन केंद्र रायपुर के वरिष्ठ प्रबंधक ललित अग्रवाल ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक द्वारा उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप सर्वसुविधा युक्त जमा एवं अग्रिम के प्रॉडक्ट डिजिटल रूप से सहजता से उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आज के कैम्प में गजानन राठौर, लागुराम सोय, श्वेता गुड़यिा, जितेंद कुमार डड़सेना, अंकिता शर्मा, ज्योति कुमारी, दोशन सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने पंजाब नेशनल बैंक की इस पहल का स्वागत किया।

# आज से खरमास शुरू, शुभ कार्य में लगेगा एक माह का ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिन्दु संस्कृति के अनुसार आगामी एक माह तक मांगलिक कार्यों में लगाम लग जाएगी। खरमास की शुरूआत 16 दिसंबर से हो रही है, जिसकी समाप्ति 15 जनवरी को होगी। इसके बाद ही शुभ कार्य संपन्न होंगे।

पंडित मनीष पाठक के अनुसार सूर्यदेव के धनु राशि में प्रवेश करते ही उस दिन से खरमास का आरंभ हो जाता है। इस साल खरमास 16 दिसंबर से शुरू होकर 15 जनवरी तक रहेगा। इस दौरान कोई भी धार्मिक कार्य नहीं किए जाएंगे। जब सूर्यदेव मकर राशि में आएंगे इसके बाद ही खरमास का समापन होगा। सूर्यदेव 16 दिसंबर को शाम करीब 04.09 बजे धनु राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य के इस राशि में प्रवेश के साथ शुभ कार्य बंद हो जाते हैं। ये स्थिति लगभग एक माह एक माह तक बनी रहती है।

### जनवरी में मिलेंगे शुभ मुहूर्त

जनवरी 2024 लोगों के लिए खुशियां और सफलता दिलाने वाला हो सकता है। एक माह के भीतर 9 दिन शुभकार्य किए जा सकेंगे। इसमें 16, 17, 20,21,22 और 27, 28, 30 से 31 जनवरी तक यानी 9 दिन शादी के लिए शुभ दिन है। इस दौरान खूब धूम धाम से लोग शादी व मांगलिक कार्यक्रम निबटा पाएंगे।



- संक्रांति के बाद शुरू होंगे मांगलिक कार्य
- सूर्यदेव के धनु राशि में प्रवेश के चलते बाधा।

### खरमास में ये कार्य वर्जित

खरमास में विवाह और विवाह से संबंधित मंगल कार्य वर्जित होते हैं। इसमें नए मकान का निर्माण और संपत्ति संबंधी का कार्य नहीं किए जाते हैं। नए व्यवसाय की शुरुआत और नया कारोबार भी वर्जित होता है।अन्य मंगलकार्य जैसे द्विरागमन, कर्णवेध और मुंडन आदि भी खरमास में नहीं किया जा सकता है।खरमास के दौरान विवाह, सगाई या फिर शादी से जुड़ा कोई भी कार्य करना मना होता है। कहा जाता है कि खरमास में शादी या सगाई करने वाले दंपतियों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और उन्हें वैवाहिक सुख नहीं मिलता है।

## साइंस कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेले का हुआ भव्य शुभारंभ




साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला के उद्घाटन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार।

## गुरुपद संभवराम ने की 'अघोर यंत्र' की स्थापना



**बिलासपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह बाबा भगवान राम ट्रस्ट एवं अघोर परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष अघोरेश्वर बाबा गुरुपद संभवराम द्वारा श्रीसर्वेश्वरी समूह अघोरपीठ आश्रम कोनी में 'अघोर यंत्र' की स्थापना की गई है।

इसमें पूज्य गुरुदेव द्वारा अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान राम के सूक्ष्म संरक्षण में विशेष हवन एवं पूजा की गई। अघोरेश्वर महाप्रभु भगवान राम व बाबा कीनाराम की विशेष पूजा की गई। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सिंह, तुरवान सिंह, देश रत्न पांडे, बैकुंठ नाथ पांडे, शांतनु सिंह, डॉ आशीष सिंह, अशोक सिंह,आरके यादव, उमेश नारायण मिश्रा, राकेश दीक्षित, एसके सोनी, भगवान दास, एन पी नायक, अभिजीत तिवारी, राहुल सिंह, मनोज साहू आदि श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# आज का युवा कह रहा रोजगार मांगूंगा नहीं, दूंगा: अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कालेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेले का शुक्रवार को विधायक अमर अग्रवाल ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वदेशी मेले ने बिलासपुर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है। शहर के लोगों को हर साल स्वदेशी मेला का इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इंडिया के तहत आज का युवा कहने लगा है कि मैं रोजगार मागूंगा नहीं, रोजगार दूंगा। हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। स्वदेशी जागरण मंच ने देश की जनता के मन में स्वदेशी अपनाने की भावना को जगाया है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि स्वदेशी स्वावलंबी हो, युवा स्वरोजगारित हो रहे हैं। यह स्वदेशी जागरण मंच की सार्थकता है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक रजनीश सिंह, महापौर रामशरण यादव, मेला स्वागत समिति के अध्यक्ष प्रवीण झा, डॉ प्रफुल्ल शर्मा, सुशील श्रीवास्तव, नीताश्रीवास्तव, सुब्रत चाकी सहित मेला समिति के सदस्य व स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी मौजूद थे। मेला संयोजिका श्रीमती अरुणा दीक्षित ने आभार व्यक्त किया।



स्वदेशी मेला कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

बिजनेस प्लस

## रामेश्वरम धाम रवाना होगा श्रद्धालुओं का जत्था 23 से



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति के साथ रामेश्वरम धाम की धार्मिक यात्रा के लिए 1500 श्रद्धालुओं का जत्था 23 दिसंबर से रवाना होगा। इसमें विशेष प्रशिक्षित 80 सदस्य उनका मार्गदर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं की अभिलाषा को श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति विगत 18 वर्षों की भांति इस साल भी शीतकालीन छुट्टियों के दौरान 23 दिसंबर से 2 जनवरी तक स्पेशल ट्रेन के माध्यम से दर्शन यात्रा पर ले जाने की तैयारी पूरी कर ली है। 80 प्रशिक्षित सेवकों की बदौलत पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को स्पेशल ट्रेन में सामान उतारने चढ़ाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। यही वजह है देश के कोने से श्रद्धालुगण तीर्थाटन करने श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति को सभी समितियों में प्राथमिकता देते हैं। समिति के अनुभवी विशेष टूर मैनेजर पूरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच गाइड की तरह मौजूद रहते हैं, ऐतिहासिक स्थलों के महत्व से अवगत कराते हुए यात्रा को आनंददायी यादगार बनाते हैं। श्रद्धालुओं को मंदिर सहित अन्य पर्यटन स्थलों का दीदार कराने के लिए समिति की टू बाय टू की लग्जरी बस सभी रेलवे स्टेशन के बाहर सेवाओं के लिए तैयार रहती है। रामेश्वरम धाम तीर्थ यात्रा में श्रद्धालुओं को श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योर्तिलिंग, श्री मदुरई मीनाक्षी देवी, श्री कन्याकुमारी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा ।

### तीर्थयात्रा के लिए 80 प्रशिक्षित टीम तैयार

रामेश्वरमधाम की 11 दिनों की तीर्थयात्रा में समिति के अनुभवी स्टाफ उच्चस्तरीय सेवाएं प्रदान करने तैयार हैं। जिसमें 1500 श्रद्धालुओं के जत्थे को दर्शन कराने श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति बुकिंग पूरी कर तैयारियों को अंतिम रूप दे रही है। जिसमें स्लीपर की सहयोग राशि 16 हजार 500 रुपए , थर्ड एसी राशि 27 हजार 500 रुपए, सेकेंड एसी की सहयोग राशि 32 हजार 500 रुपए विद 5 प्रतिशत जीएसटी रखी गई है। धार्मिक यात्राओं को देखते हुए रेलवे समिति को 23 कोच वाली स्पेशल ट्रेन की मंजूरी मिल गई है। जिसमें 15-स्लीपर, 3- थर्ड एसी,सेकेंड एसी -2, 1-पैंट्रीकार सहित 2 एसएलआर की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## उद्योगपतियों की समस्याओं का चर्चा कर निकालेंगे हल : कौशिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला उद्योग संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बिल्हा के नव निर्वाचित विधायक धरमलाल कौशिक से शुक्रवार को उनके निवास परसदा में भेंटकर स्वागत किया।

इस दौरान श्री कौशक ने कहा कि वे उद्योगपतियों की समस्याओं से वाकिफ हैं। आने वाले समय में वे उद्योगपतियों के साथ मिलकर चर्चा करेंगे। विभिन्न औद्योगिक प्रक्षेत्र की पूरी जानकारी लेंगे। श्री कौशिक ने उद्योगपतियों द्वारा उन्हें निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया । इस दौरान छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा, महासचिव शरद सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, सुनील मरदा, बृजमोहन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल के अलावा शिव कुमार अग्रवाल, राम सुखिजा, नवनीत अग्रवाल, दिनेश भूतड़ा, मुकेश अग्रवाल, रजाकुमार केडिया, चंद्रशेखर नायक, मनीष कश्यप, पूरन सिदारा, राहुल छुगानी, दिनेश शर्मा, गिरिराज गुप्ता, प्रकाश वाधवानी, अंकुर अग्रवाल, रोशन सिदारा, अनिल नायर, अमित उभरानी, प्रकश त्रिवेदी, रुनित मरदा, हनुमान अग्रवाल, शंकर मनचंदा, अमर चावला आदि मौजूद थे।

## ठंड से बचने अग्रवाल समाज ने जरूरतमंद गरीबों को बांटा कंबल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर अग्रवाल समाज द्वारा गरीबों को ठंड से बचने के लिए कूपबांधा गांव में 30 नवंबर को 600 कंबल गरीबों को बांटा गया। फिर 9 दिसंबर को करही कछार गांव बेलगहना के पास 600 कंबल बांटे गए। यहां हर एक परिवार में उनके सदस्यों की संख्या के अनुसार कंबल दिए गए।

अग्रवाल समाज समय-समय पर जरूरतमंदों और गरीब लोगों की मदद करने परस्पर प्रयास करता रहता है। कोरोना काल में भी समाज के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर लोगों की मदद की थी। 10 दिसंबर को जोधरा गांव में 200 कंबल बांटे। पार्किंग व्यापार विहार में 11 दिसंबर को लगभग 800 मजदूरों को कंबल का वितरण किया गया। यह कार्य वास्तव में बहुत ही सराहनीय कार्य है। अग्रवाल समाज हमेशा से ही जन सेवा कार्यों में आगे रहा है और हर क्षेत्र में हर रूप में अपनी सराहनीय सेवा दी है। समाज द्वारा कुल मिलाकर 2200 बांटे गए हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम में बिलासपुर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, सचिव विनोद मित्तल, अग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष आलोक चौधरी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## होलीक्रास स्कूल लाल खदान में वार्षिकोत्सव कल

**बिलासपुर।** लालखदान स्थित होली क्रास हायर सेकेंडरी स्कूल में 17 दिसंबर को शाम 4.30 बजे से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के डिप्टी जनरल मैनेजर हिमांशु जैन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन आर्मी के सेवानिवृत्त एसीपी महेन्द्र प्रताप सिंह राणा करेंगे।

## एमएलबी की छात्राओं को मिला निःशुल्क ब्लेजर, मिलेगा इनाम



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मी बाई शाकउमावि में शुक्रवार को कलेक्टर की पहल पर संस्था 655 ने छात्राओं को ठंड से बचने के लिए निःशुल्क ब्लेजर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि पार्षद बुंध मौर्य ने कहा कि ठंड से बचने के लिए छात्राओं को गर्म कपड़ों की अत्यंत आवश्यकता थी। इसके अलावा श्री मौर्य ने शाला में प्रथम आने वाली छात्रा को 5 हजार 100 रुपए इनाम देने की घोषणा की। प्राचार्य अरविंद कौशिक ने कहा कि मनवांछित सामग्री मिलने पर छात्राओं के मन में आने वाली मुस्कान उनको और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। प्रीति चौरसिया व आनंद तिवारी ने भी छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में कविता तिवारी, अरविंद चंदेल, धनराज यादव, प्रज्ञा, रमाचारी, कविता त्रिवेदी, राजेन्द्र श्रीवास्तव, रमेश दुबे आदि मौजूद थे।

## भाई-बहनों ने किया गीता के 18 अध्याय का सामूहिक पाठ



**बिलासपुर।** पारिजात कालोनी स्थित तेजस्विनी सेवा प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय तेजस्विनी स्मृति समारोह का समापन हुआ। ज्ञानेश्वर महराज समाधि दिन एवं झांसी की रानी जन्मदिन पर गीता के 18 अध्याय का पाठ 30 से अधिक भाई-बहनों ने किया। इससे पहले गीत रचनाकार सुलभा ताई देशपाण्डे ने लक्ष्मीबाई केलकर के जीवन पर आधारित काव्य रचना पेश की। इसमें स्वर शारदा राहलकर ने दिया। रमा नायडू ने हारमोनियम पर संगति दी। अंत में आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि तेजस्वी स्मृति समारोह विगत 26 साल से हर साल निरंतर आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन कार्तिक माह की द्वादशी पर राष्ट्र सेविका समिति की संचालिका आद्य प्रमुख वंदनीय लक्ष्मीबाई केलकर की स्मृति दिवस, त्रयोदशी पर ज्ञानेश्वर महराज की संजीवन समाधि दिवस एवं चतुर्दशी के दिन झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का जन्मदिन पर होता है।

## दहलीज की चाय बनेगी गरीब विद्यार्थियों की स्याही, 5 हजार स्टूडेंट्स की कर चुके मदद



**बिलासपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था दहलीज ने एक बार फिर लोगों को शानदार चाय पीलाकर छात्र-छात्राओं के लिए फंड जमा करने का काम शुरू किया है। शहर की युवतियों द्वारा संचालित संस्था दहलीज की ओर से 15 से 17 दिसंबर तक रिवर व्यू में शाम पांच बजे से रात 9 बजे तक चाय बेची जा रही है। इस दौरान चाय पीने पहुंचे लोग अपने स्वेच्छा से जो भी राशि देंगे उसे छात्र-छात्राओं की शिक्षा पूरी करने के लिए खर्च किया जाएगा। संस्था ने पहले से ही शहर के दो शासकीय स्कूल को गोद ले चुकी है। इसके तहत यहां के जरूरतमंद बच्चों को कापी, पुस्तक, स्टेशनरी जैसे जरूरी सामान के साथ अन्य सामान मुहैया कराने के लिए काम कर रहे हैं। इसके तहत दहलीज खुद टी स्टाल लगाकर चाय बेचने का काम करते हैं। दहलीज फाउंडेशन से जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों के 5 हजार से ज्यादा जरूरतमंद और गरीब बच्चों की मदद कर चुके हैं।

## जय वंदे मातरम संघठन 21 को निकालेगा शोभायात्रा



**बिलासपुर।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इसे भव्य बनाने के लिए जय वंदे मातरम् संघठन की बैठक आज तेलीपारा स्थित कार्यालय में रखी गई। जिसमें बताया गया कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसे भव्य बनाने के लिए जय वंदे मातरम् संघठन 21 जनवरी को भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया है। इस शोभायात्रा की तैयारी के लिए जय वन्दे मातरम् संघठन प्रदेश प्रभारी उपमा सिंह, प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह, प्रदेश सह मंत्री तरुण सरोज, जिला अध्यक्ष राजू सलूजा, विभाग संयोजक आकाश यादव, नगर अध्यक्ष अतुल बजाज, रुद्रानी सेना संयोजिका भारती नीरज माली, रुपेश यादव, सरदार पुष्पेंद्र सिंह, दुष्यन्त सिंह, आकाश कछुवाहा, गोपाल कश्यप, मनीष श्रीवास्तव, राम कृष्ण कश्यप, सोहन गुप्ता, दीप नारायण शुक्ला, कोमल सिंह, राम सिंह ठाकुर, हिंमांशु कश्यप, अमित यादव आदि मौजूद थे।


## पेंशन अदालत में प्राप्त मामलों का तत्काल निराकरण



**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेशानुसार बिलासपुर मंडल में हर तिमाही पेंशन अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें पेंशन से संबंधित समस्याओ का निराकरण किया जाता है। इसी संदर्भ में मंडल कार्मिक सभाकक्ष में 15 दिसम्बर को सुबह 11.30 बजे से पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। पेन्शन अदालत में 4 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक अविनाश जाधव, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आर शंकरन, पेंशन सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं आवेदकों के मध्य चर्चा के बाद रेलवे नियमानुसार सभी मामलों का तत्काल निराकरण किया गया। पेन्शन अदालत में कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।


तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से
मा. धर्मजीत भैया
को
ऐतिहासिक जीत
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
प्रथम नगर आगमन
पर
स्वागत व अभिनन्दन
सुनील मानिकपुरी
जितेन्द्र गोलू दुबे
नारायण सिंह राजपूत
अखिलेश कौशिक
पिन्टू
श्रीधर तिवारी
लल्ली
संकलनकर्ता
राकेश तिवारी
हरिभूमि प्रतिनिधी
सकरी
मो. 9300327303


श्रद्धेय अटल जी के सपनों के छत्तीसगढ़ को सजाएंगे सवारेंगे और समृद्ध वैभवशाली बनाएंगे
छत्तीसगढ़ भाजपा अध्यक्ष
माननीय अरुण साव जी
को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री
बनने के पश्चात प्रथम न्यायधानी आगमन पर
नंदन - वंदन - अभिनंदन...
छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर भव्य स्वागत हेतु
आप सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ावे।
दिनांक - 16 दिसम्बर 2023
समय - शाम 5 बजे
स्थान - महामाया चौक, रतनपुर रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
राहुल रावलानी
राजकुमार अग्रवाल
सौमित्र गुप्ता
उचित सूद
राजीव अग्रवाल


वरुण सिंह ठाकुर
तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से
मा. धर्मजीत भैया
को
ऐतिहासिक जीत
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
प्रथम नगर आगमन
पर
स्वागत व अभिनन्दन
पप्पू साहू
प्रभात साहू
अवतार मानिकपुरी
मनोज सोनकर
विजय यादव
मनोज साहू
जागेश्वर साहू
रमेश सोनी
सुरेश यादव
संतोष साहू
विनीत्–
राजा यादव
राकेश तिवारी
संकलनकर्ता
राकेश तिवारी
हरिभूमि प्रतिनिधी
सकरी
मो. 9300327303


छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष
मान. अरूण साव जी
को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बनने एवं
मान. अमर अग्रवाल जी
को ऐतिहासिक जीत पर हार्दिक बधाई ...
सुरेन्द्र जायसवाल
अशोक मिथुन
रमेश जायसवाल
पूर्व पार्षद
जिला उपाध्यक्ष भाजपा पि. व.
आर.पी. साहू
उमाशंकर साहू
दुर्गेश जायसवाल
सुशील जायसवाल
सतीश जायसवाल
(दाऊ)


लहरों से डर कर नौका पार नही होती।
कोशिश करने की हार नही होती।।
तखतपुर विधानसभा से
माननीय श्री डॉ. धर्मजीत सिंह जी
के भारी मतों से विजयी होने पश्चात्
प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
दारा सिंह
बाला सिंह
अशोक सिंह
गुड्डा कश्यप
बाला सिंह
प्रमोद सिंह
उमा तवाडकर
मनोज सोनकर
अवतार मानिपुरी
बी.आर. महोबिया
विजय यादव
रितेश दुबे
संतोष दुबे
हारून खान
राजेश तंबोली
शुभचंद डहरिया
राहुल तिवारी
निहाल साहू
अभिषेक सिंह
गिरीश तोलानी
अमित
राजकमल
रवि मेहर
रवि सिंह
राज कश्यप


आदरणीय
धर्मजीत भैया
आदरणीय
अरूण साव जी
को छत्तीसगढ़ की जनता के विश्वास की जीत की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विक्की सिंह
संतोष वस्त्रकार
देवेन्द्र गुप्ता
देवेन्द्र सापरिया
बी.आर. मोहबिया
संतोष भारत
वरूण सिंह
मुन्ना तिवारी
दिलीप कोरी
मनोज साहू
दारा सिंह राजपुत
निलेश सिंह
रमन मिरी
सौरभ पाण्डेय
ठा. अशोक सिंह
जागेश्वर यादव
योगेश राजपूत
त्रिभुवन यादव
विजय तिवारी
राजकमल साहू
सूरज मिश्रा
रवि मेहर


"जीत गई जनता,
जीत गये हम"
मा. धर्मजीत सिंह
जननायक
विधायक, तखतपुर
मा.राजू सिंह क्षत्री
पूर्व विधायक, तखतपुर
संसदीय सचिव
छ.ग. शासन
वरूण सिंह
निलेश सिंह
प्रथम सकरी नगर आगमन पर
नंदन, वंदन, अभिनंदन...
मनोज सोनकर
प्रभात साहू
संजय यादव
दुर्गेश पाल
राजेश यादव
पप्पू साहू
अवतार मानिकपुरी


तखतपुर विधानसभा
में ऐतिहासिक जीत पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
सुमित सिंह
सैय्यद ज़फर
राजा यादव
तरूण पटेल
राजेश सिंह
मनोज यादव
मा. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर
सागर यादव
विनित:- सुमित सिंह


मान. श्री अरूण साव जी
को छत्तीसगढ़ का उप मुख्यमंत्री बनने के उपरांत
प्रथम बिलासपुर आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन.. स्वागत...
डॉ. तिलकराम साहू
जिला उपाध्यक्ष- भारतीय जनता पार्टी
जिलाध्यक्ष- साहू संघ बिलासपुर
डॉ. उषा साहू
पूर्व सरपंच- ग्राम पंचायत मोपका
संरक्षक -जिला महिला प्रकोष्ठ साहू संघ बिलासपुर
रामगोपाल साहू हरिभूमि प्रतिनिधि लगरा मो. 9617938788


लोकप्रिय विधायक एवं जननायक
मा. श्री धर्मजीत सिंह ठाकुर जी
प्रथम तखतपुर नगर आगमन पर
हार्दिक नंदन...वंदन...अभिनंदन...
मा. श्री धर्मजीत सिंह ठाकुर जी
विधायक- तखतपुर
साजिद ऐबानी (पिंकू)
मनोज गुप्ता
नरेश गुप्ता (लालू)


लोकप्रिय विधायक एवं जननायक
मान. श्री धर्मजीत सिंह ठाकुर जी
प्रथम तखतपुर नगर आगमन पर
हार्दिक नंदन... वंदन... अभिनंदन...
संकलनकर्ता
ईश्वर देवांगन
नेता प्रतिपक्ष - न.पा. तखतपुर
गुलजीत खुराना
भाजपा नेता
अय्यूब अंसारी
भाजपा नेता
मुकेश ताम्रकार
भाजपा नेता
दिलीप तोलानी
हरिभूमि प्रतिनिधी- तखतपुर


लोकप्रिय विधायक एवं जननायक
मान. श्री धर्मजीत सिंह ठाकुर जी
विधानसभा तखतपुर में प्रथम आगमन पर
हार्दिक नंदन... वंदन... अभिनंदन...
मान. श्री धर्मजीत सिंह ठाकुर जी
प्रमोद सिंह ठाकुर
भाजपा नेता
दिनेश राजपूत
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
जिला प्रभारी, भारतीय जनता पार्टी
बंशी पाड़े
पूर्व उपाध्यक्ष - न.पा. तखतपुर
संतोष कश्यप
मण्डल अध्यक्ष - विजयपुर
दिनेश साहु
मण्डल महामंत्री - विजयपुर
पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष
अश्वनी श्रीवास
भाजपा नेता
लव तिवारी
उपाध्यक्ष
युवा मोर्चा गनियारी, तखतपुर
संकलनकर्ता
रवि सवानी
युवा मोर्चा गनियारी
आनंद गुप्ता
युवा मोर्चा गनियारी
सरजू यादव
सरपंच- ग्रा. पं. अरईबंद
तिलक देवांगन
जिला महामंत्री - युवा मोर्चा
संतोष लोक चंदानी
भाजपा नेता
अश्वनी देवांगन
भाजपा नेता
दिलीप तोलानी
हरिभूमि प्रतिनिधी- तखतपुर


राजेश त्रिवेदी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा,
सांसद प्रतिनिधि, बिलासपुर न.नि.
मा. अरूण साव जी के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद
प्रथम नगर आगमन पर स्वागत वंदन अभिनंदन...
अनिल सिंह
विधायक प्रतिनिधि, बिल्हा
संजय सिंह
भाजपा नेता
महितोष सराफ
भाजपा नेता
राजकिशोर शर्मा
पूर्व अध्यक्ष भाजयुमो
राजकुमार यादव
पूर्व उपाध्यक्ष न.पा. तिफरा
रितेश अग्रवाल
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो
अनिल सूर्या
सोशल मीडिया सहसंयोजक, बिलासपुर लोकसभा
लव दीक्षित
जिला कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो, बिलासपुर


जन नायक मा. धर्मजीत सिंह जी को
ऐतिहासिक जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
संतराम लहरे
सरपंच परसदा
लक्ष्मी खाण्डेय
सरपंच पेण्डारी
संतोष दुबे
पूर्व सरपंच सैदा
संतोष पटेल
सरपंच तुरकाडीह
सीताराम सिंग
सरपंच भाड़म
भोलानाथ तिवारी
पूर्व जनपद सदस्य
बिरज यादव
पूर्व उपसरपंच
सूरज सोंचे
पूर्व जन.स.घुटकू
रूद्रदत्त तिवारी
जोंकी
बसंत रजक
दौलत रजक
मा. धर्मजीत सिंह जी
विधायक तखतपुर


मान. अरूण साव जी
उपमुख्यमंत्री
मान. धर्मजीत सिंह ठाकुर जी
विधायक, तखतपुर
मान. विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री
मान. अरूण साव जी
एवं
मान. धर्मजीत सिंह ठाकुर जी
के प्रथम नगर आगमन पर
स्वागत वंदन अभिनंदन...
राजेन्द्र सिंह राजपूत
डायरेक्टर
डीसीटी रियल एस्टेट डेवलपर्स
दिनेश सिंह राजपूत
गुरुजी
भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य
एवं जिला प्रभारी विधानसभा, तखतपुर


जय माता दी
जय महाकाल
जय श्री राम
जय श्री श्याम
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष
माननीय अरुण साव जी
के प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बनने पर
प्रथम न्यायधानी आगमन पर
नंदन..वंदन..अभिनंदन..
संजय रजक
कमल सोनी
राजीव अग्रवाल
अनिल अग्रवाल
सुरेश शर्मा
ज्योतिन्द्र उपाध्याय
देवेश खत्री
राजेश सिंह
रविन्द्र उपाध्याय
योगेश अग्रवाल
सचिन सोनी
जयहर्ष पाण्डेय
पीयूष गौरहा
अजय कुलपहाड़ी
सीताराम जोशी

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में समय पर अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस



**मुंगेली।** कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता लाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी द्वारा विभिन्न स्कूलों का लगातार निरीक्षण कर अनुपस्थित प्राचार्य, प्रधानपाठकों तथा शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी ने लोरमी विकासखण्ड के प्राथमिक शाला बिंदावल, हायर सकेण्डरी स्कूल छपरवा, मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम बांकी में प्राथमिक, मिडिल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल, प्राथमिक शाला सोनपुरी, प्राथमिक शाला अमलीडीह, माध्यमिक शाला फुलवारी एफ, माध्यमिक शाला तथा हाईस्कूल करनकापा का निरीक्षण किया। इस दौरान कई शिक्षक स्कूल में बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिन के भीतर जवाब मांगा है। उन्होंने कहा है कि नोटिस का संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम सेमरदर्री में रासेयो के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**मरवाही।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ 15 दिसंबर को ग्राम पंचायत सेमरदर्री में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच अमसिया बाई ने की। कार्यक्रम में ग्राम के पंच मनोज पांडेय, स्वास्थ्य विभाग से अनवर खान, नरोत्तम सिंह, हायर सेकेंडरी स्कूल सेमरदर्री के प्राचार्य अनिल राय, समस्त स्टॉफ, महाविद्यालय के प्राचार्य लोक सिंह, कार्यक्रम अधिकारी उत्तम चंद्राकर, सीएस मरावी, कृष्ण कुमार देवांगन, रंजीता सिदार, सुषमा बंजारे, स्वयंसेवक, सेविकाओं की उपस्थिति रही।

### सामुदायिक भवन का वार्डवासियों को मिलेगा लाभः गीता



**करगी रोड कोटा।** सामुदायिक भवन बनने से वार्डवासियों को लाभ मिलेगा। वार्डवासी यहां कोई भी कार्यक्रम कर सकते हैं। उक्त जानकारी पार्षद गीता संतोष गुप्ता ने वार्ड नं 14 में दुर्गा पंडाल के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के भूमिपूजन के दौरान कही। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष गुप्ता, जितेंद्र साहू, विशेष गुप्ता, वार्ड प्रतिनिधि हरिवंश महाराज, गोपाल पालके, रामप्रसाद केवट, किरण यादव, बजरंग रजक, मनीष कैवर्त, सरोज दीदी, सुजाता, नर्मदा बिंझवार, पार्वती कश्यप, भरत केवट, देवा साहू, रोशन वैष्णव, घाशी बिंझवार एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

### साहू परिवार ने जरूरतमंदों को किया गर्म कपड़े का वितरण



**पेंड्रा।** परोपकार करना पुण्य का कार्य है। दूसरों की सहायता करने से जो आत्मिक खुशी मिलती है तथा उनकी मुस्कान से जो खुशी मिलती है वह सबसे बढ़कर है। कांग्रेस नेता रमेश साहू और उनके परिवार द्वारा पिता स्वर्गीय कन्हैया लाल साहू की 5वीं पुण्यतिथि पर रतनपुर महामाया देवी मंदिर प्रांगण में जरूरत मंद लोगों को गर्म कपड़े वितरण किया गया। ठंड के दिनों में ग्रामीण अंचल के गरीब परिवार के लोग गर्म कपड़े न होने के कारण ठंड से ठिठुरते रहते हैं, ऐसे समय में साहू परिवार का एक छोटा सा प्रयास था कि पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर गरीबों की सहायता किया जाए।

### इस वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज



**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चन्द्र कुमार अजगल्ले के मार्गदर्शन में 16 दिसंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के सचिव मयंक सोनी ने बताया कि लोक अदालत में आपसी राजीनामा के आधार पर प्री-लिटिगेशन से संबंधित प्रकरण अर्थात जलकर-नलकर, भूमिकर, संपत्तिकर, समेकित कर, विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरण, टेलीकम से संबंधित प्रकरण व बैंक रिकवरी से संबंधित प्रकरण के साथ ही राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, यातायात से संबंधित प्रकरण, दीवानी प्रकरण, राजस्व प्रकरण, परिवारिक विवाद से संबंधित प्रकरण व चेक बाउंस से संबंधित प्रकरण व राजीनामा योग्य अन्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## वर्तमान में प्रतिदिन 17 सौ क्विंटल धान खरीदी की सीमा

# लिमिट नहीं बढ़ने से किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

समर्थन मूल्य में धान खरीदी की प्रतिदिन की लिमिट नहीं बढ़ने से किसानों को धान बेचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ किसानों की मांग- लिमिट बढ़ाकर किया जाए 25 सौ क्विंटल

वर्तमान में प्रबंधन ने प्रतिदिन 17 सौ क्विंटल धान खरीदी की सीमा रखी है जिसके कारण धान खरीदी का समय बढ़ रहा है, जानकारों का मानना है कि मल्हार की सेवा सहकारी समिति क्षेत्र के बड़े धान खरीदी केंद्रों में गिनती होती है। इस समिति में मल्हार सहित आसपास के सात गावों के 1745 पंजीकृत किसान हैं जो इस केंद्र में अपनी धान बेचते हैं इस लिहाज से लिमिट को बढ़ाकर 25 सौ क्विंटल प्रतिदिन करना चाहिए। जिससे किसान जल्द ही धान बेच पाएंगे। इस केंद्र में अभी धान खरीदी 50 प्रतिशत भी नहीं हुई है जबकि धान खरीदी पिछले डेढ़ माह से प्रारम्भ है, हालांकि अधिकांश किसान विधानसभा चुनाव परिणाम की प्रतीक्षा में थे तो कुछ किसानों की फसल तैयार भी नहीं हुई थी पर अब नई सरकार बन गई है इसलिए किसान अब अपनी फसल जल्द ही बेचना चाहते है।



### टोकन के लिए लम्बी वेटिंग

पिछली सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए ‘टोकन तुंहर हाथ’ के नाम से एप लांच किया था जिसका लाभ लेते हुए इस बार किसानों ने घर बैठे टोकन ले लिया है अब वे अपनी बारी आने पर धान बेच रहे हैं पर छोटे किसान या जिनको मोबाइल एप की जानकारी नहीं है वे टोकन के लिए भटक रहे हैं क्योंकि खरीदी केंद्र के सॉफ्टवेयर में आगामी 30 दिसम्बर तक ऑनलाइन टोकन कट गया है इसलिए मैनुअल टोकन जारी करना सम्भव नहीं है। हालांकि धान खरीदी का पर्याप्त समय है, 30 जनवरी तक धरीदी होगी जिससे किसान को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### तीन करोड़ से ज्यादा की खरीदी

प्रभारी संस्था प्रबंधक अजय सिंह ने बताया कि अभी तक इस केंद्र में 3 करोड़ 56 लाख रुपये की धान खरीदी हो चुकी है जिसमें ऋण वसूली भी हो रही है। आगामी खरीदी दिनों के अंत तक धान खरीदी व ऋण वसूली का लक्ष्य भी पूरा हो जाएगा। खरीदी के हिसाब से धान का उठाव भी हो रहा है साथ ही बारदाने की भी कमी नहीं है। आगामी दिनों में खरीदी की लिमिट भी बढ़ सकती है जिसके बाद कोई समस्या नहीं होगी।

### किया जा रहा पत्र व्यवहार

लिमिट बढ़ाने रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों से पत्र व्यवहार किया जा चुका है। सम्भवतः धान खरीदी की लिमिट मंगलवार से बढ़ेगी जिसके बाद टोकन की समस्या भी कम हो जाएगी और किसान अपनी फसल निर्बाध रूप से बेच सकेंगे।

**गोधुली वर्मा**, सीईओ व प्राधिकृत अधिकारी मस्तूरी क्षेत्र

## झझपुरी स्कूल में की गई शिक्षक की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

खबर का असर

हरिभूमि में शिक्षकों की कमी को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद झझपुरी स्कूल में तत्काल शिक्षक की व्यवस्था की गई है। अब बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

बता दें कि झझपुरी खुर्द में सिर्फ दो शिक्षकों के भरोसे स्कूल चल रहा था। शाला में 103 बच्चे हैं जिनको पढ़ाने में दो शिक्षकों के लिए काफी दिक्कत हो रही थी। एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक के भरोसे 103 बच्चों को छोड़ दिया गया था। स्कूल में शिक्षकों की कमी से बच्चों का भविष्य अंधेरे में है, इस आशय को लेकर 15 दिसंबर के अंक में हरिभूमि ने झझपुरी खुर्द स्कूल में शिक्षकों की कमी, बच्चों के भविष्य अंधेरे में नामक शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। ख़बर प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया और स्कूल में शिक्षक की तत्काल व्यवस्था की गई। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की कमी है। घुन्डूकापा के प्राथमिक शाला केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रही है जिसे शिक्षा अधिकारी के संज्ञान में लाया गया है। प्रधान पाठक बलराम साहू ने बताया कि लंबे समय से स्कूल में 130 बच्चे पढ़ाने हेतु केवल दो शिक्षक थे। काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब शिक्षा विभाग ने स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था की है।


पालकों ने चंदा कर बुलाए अतिथि शिक्षक
झझपुरीखुर्द स्कूल में शिक्षकों की कमी, बच्चों का भविष्य अंधेरे में

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

## डीईओ ने ली संकुल प्राचार्य व समन्वयकों की बैठक, ली मध्यान्ह भोजन सहित अन्य जानकारी



**मुंगेली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में विकसित भारत संकल्प यात्र के संबंध में मुंगेली ब्लाक के समस्त संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों की आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति एवं जाति निवास आमदनी प्रमाण पत्र प्रदाय आदि कार्यों का संपादन समय-सीमा में किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर चतुर्वेदी की अध्यक्षता में 15 दिसंबर को बैठक में शासन की विकसित भारत संकल्प यात्र का सफल क्रियान्वयन हेतु सभी संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों को विस्तार से जानकारी देते हुए निर्देशित किया गया। साथ ही उन्होने बैठक में सभी संकुलों में बेहतर संवाद एवं समन्वय स्थापित कर विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे मध्याह भोजन, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, छात्रवृत्ति एवं जाति निवास आमदनी प्रमाण पत्र प्रदाय आदि कार्यो् का संपादन समय-सीमा में किये जाने एवं संकुलवार जानकारी का फोल्डर बनाकर सुरक्षित रखे जाने हेतु निर्देशित किया। संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षाविद ड. आईपी यादव ने शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विभागीय दिशा निर्देशों के अनुरूप प्राचार्यो एवं संकुल समन्वयकों के कर्तव्य एवं दायित्वों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठता, ईमानदारी, नियमितता, अवकाश लेखा, अध्यापन एवं परीक्षा सहित प्रमुख विषयों पर विस्तार से जानकारी दिये।

## ध्यान योग के माध्मय से अध्ययन करें बच्चे

**मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छटन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा एक दिवसीय ब्रह्म योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपना विचार रखते हुए ब्रह्म योग गुरु ने बताया कि शांत मन से एकाग्रचित होकर किए गए अध्ययन से विषय वस्तु अधिक समय तक याद रहता है एवं स्थाई होता है। साथी भूलने की नौबत बहुत कम आती है। नियमित अभ्यास करने से यह सब संभव हो जाती है आज की आपाधापी की स्थिति में बच्चों को ध्यान योग के माध्यम से अध्ययन करने की आवश्यकता है ताकि विषय वस्तु को गहराई से अध्ययन करते हुए विषय वस्तु की गहराई को समझ सके। उन्होंने छात्र-छात्रओं के बीच में अनेक उदाहरण प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से छात्र-छात्रओं के विचारों में काफी परिवर्तन आया। निश्चित रूप से आने वाले समय में उक्त ब्रह्म योग कार्यक्रम का निश्चित रूप से लाभ प्राप्त होगी। इस अवसर पर प्राचार्य श्री अंचल एवं श्री उपाध्याय के द्वारा छात्र-छात्रओं को ब्रह्म योग गुरु के द्वारा बताए गए नियमों का पालन करने के लिए कहा। साथ ही उन्हे हमेशा के लिए आत्मसात करने की बातें कहीं। ताकि वह हमारे जीवन में स्थाई बना रहे। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता अमीन सोनवानी, लालाराम, अशोक कुमार, ज्योति सिंह, सुषमा गुप्ता, लक्ष्मी नारायण जोशी, हेमचंद बारमते सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न वार्डों में चलाया गया सफाई अभियान



**लोरमी।** भारत संकल्प यात्रा 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक आयोजित किया जाना है। जिसके अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत नगर पंचायत द्वारा निकाय के विभिन्न वार्डों में तिथिवार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालजी चंद्राकर ने बताया कि सफाई आभियान तिथिवार जारी किया गया है। जिसमें 12 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 2 गुरूकुल स्कूल के सामने एवं मां भारती स्कूल के बगल में वार्ड क्रमांक 7 मानस मंच के आस-पास वार्ड क्रमांक 3 मुक्तिधाम के पास सफाई अभियान चलाया गया। इसी तरह 13 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 8, 9, 10 मुख्य मार्ग एवं 50 बिस्तर हॉस्पिटल, तहसील चौक एवं रानीगांव में सफाई अभियान चलाया गया। 14 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 11 महामाया मंदिर, स्कूल परिसर एवं वार्ड क्रमांक 12 बस्ती के अंदर मोहल्लों की साफ-सफाई की गई। 15 दिसंबर को वार्ड क्रमांक 13, 14 एवं 15 मुख्य मार्ग, डिपो के आसपास, जैतखाम के पास एवं 16 दिसंबर को वार्ड 1, 4 एवं 5 मेला ग्राउण्ड, पुटुपारा, शिवघाट मंदिर, डबरीपारा, शांतिचौक मोहल्ला की सफाई का कार्य सफाईकर्मी, स्वच्छता दीदी एवं निकाय के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर मनोज जायसवाल, श्रवण ध्रुव, राकेश सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## आनंद मेले में छात्र-छात्राओं ने लगाए स्टॉल



**पथरिया।** माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालय लौदा में आनंद मेला, माता उन्मुखीकरण एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पथरिया पीएस बेदी, विशिष्ट अतिथि विकास खण्ड समन्वय एके यादव, सरिता अनिल साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अनिल साहू , सुरेश साहू, थानू राम साहू एवं ग्रामीणों ने किया। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं ने मेले स्टाल लगाए। माता उन्मुखीकरण के तहत माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक बृजमोहन सोनवानी ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर विकासखण्ड समन्वयक अशोक यादव ने माताओं को शाला से जुड़ने व बच्चों को शाला भेजने तथा शिक्षा गुणवत्ता हेतु समय समय पर शाला में अपने बच्चों की उपलब्धि देखने हेतु प्रेरित किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। पीएस बेदी व समन्वयक शिव कौशिक ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में गीता राम जयस्वाल, बृजमोहन सोनवानी, बीएल धुरी, सुमन कश्यप, मन्नु लाल कर्मकेर, डी जोशी, काजल नाशीने, ममता दर्शन, आनंद तिवारी, ममता क्षत्री, जालेश्वरी गेंदले, प्रकाश पांडेय, एस कुमार, खेलवन धुरु, भानु धुरु, निशा डहरिया, अनिल साहू, दिनेश डहरिया, संतोष साहू, थान साहू, जनक रजक, चंद्रभान बंजारे, दरश साहू, नेत राम साहू, सुरेश साहू मनोज साहू, मनोज श्याम, गोपाल तन्दं संदेश कुमार बघेल सहित अन्य मौजूद थे।

### प्रधान पाठक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लोरमी।** नगर के गांधी डीह क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे प्रधान पाठक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



जानकारी के अनुसार नरेश कुमार मरावी पिता बाबूलाल मरावी उम्र 37 वर्ष निवासी बिंझरा थाना कटघोरा जिला कोरबा हाल मुकाम गांधी डीह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरेश कुमार मरावी शराब पीने का आदी था। वह गांधी डीह में किराए के मकान में रहता था। 13 दिसंबर से उसका रूम बंद था। 15 दिसंबर को मकान मालिक सहित आसपास के लोगों को शंका हुई जिस पर उन्होंने पुलिस को सूचित किया। थाने में पदस्थ एएसआई आजूराम, आरक्षक बंशी तंवर ने मौके पर पहुंचकर देखा तो नरेश फांसी पर लटका हुआ था। लाश का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। नरेश कुमार मरावी प्रधान पाठक के पद पर शाप्रा शाला सफरी भाटा, संकुल-लिम्हा, विकास खण्ड तखतपुर में पदस्थ था। पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आरोग्य परम धनम के नाम से जाने जाएंगे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

**मुंगेली।** जिले में संचालित 124 हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आरोग्य परम धनम की टैग लाइन से पहचाना जाएगा। दिसंबर अंत तक जिले में संचालित 124 सेंटरों का नाम बदल दिया जाएगा। जिले में स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को बेहतर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए एनक्वास की तरफ से पुरस्कृत किया जा चुका है।

सरकार बदलने के साथ ही विभिन्न विभागों में परिवर्तन नजर आने लगा है। लोगों को प्राथमिक उपचार की सुविधा देने वाले आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर का रूप लेने लगे हैं। जिले में प्राथमिक उपचार की सुविधा घर के नजदीक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोले गए स्वास्थ्य केंद्रों को बड़ी संख्या में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बनाया गया था। मुंगेली जिले के विभिन्न क्षेत्रें में 124 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का संचालन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने बताया कि केंद्र सरकार से मिले आदेश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस पर काम शुरू कर दिया है। दिसंबर अंत तक जिले में संचालित 124 सेंटरों का नाम बदल दिया जाएगा। इसके साथ पोर्टल के नाम को भी इस अवधि में अपडेट करने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेश के आधार पर इन स्वास्थ्य केंद्रों का नाम बदलने का काम जिले में प्रारंभ कर दिया गया है। नए साल से इन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर और आरोग्य परम धनम् की टैग लाइन से पहचाना जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आदेश में प्रत्येक हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का नाम परिवर्तित करने के लिए दिसंबर के अंत तक का समय दिया गया है। इसके साथ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के पोर्टल को भी दिसंबर के अंत तक बदल दिया जाएगा। जिले में स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर को बेहतर प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए एनक्वास की तरफ से भठलीकला, लोरमी, पण्डरभट्ठा के सेंटरों को पुरस्कृत किया जा चुका है।




## सालभर गलियों में बहता रहता है पानी

# गली की बदहाली से भठलीकला के ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

जिले में एक ऐसा भी गांव है जहां बारह महीने गांव की गलियों में नहर की भांति पानी बहते रहता है। ग्राम पंचायत भठलीकला के रहवासियों को कीचड़, बदबू के बीच गुजर बसर करना पड़ रहा है।

■ ग्राम पंचायत भठलीकला के ग्रामीण कीचड़ बदबू से परेशान

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रशासन ने अब तक गांव में कोई मूलभूत सुविधा व्यवस्था कराने में नाकामयाब रहा है। गांव में एक भी नाली का निर्माण नहीं हुआ। गांव का निस्तारी का पानी गलियों में बहते रहता है जिनके कारण अनेक स्थानों पर कीचड़ में गंदे पानी का जमावड़ा हो गया है। कीचड़ में मच्छर पनप रहे हैं। आलम ऐसा हो गया कि बच्चे बूढ़े फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों के मानें तो सरपंच द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। न साफ सफाई, न कोई विकास का कार्य कराया जा रहा है जिसके कारण गांव की गलियों में गंदगी फैली हुई है।



गली में बहता पानी।

### बढ़ रहा मच्छर का प्रकोप

गांव की महिलाओं ने बताया कि गांव में नहर जैसे पानी बहते रहने से गड्ढो में पानी का जमाव हो गया है जिसके कारण मच्छर पनपने लगे हैं। कीचड़ से बदबू आने के साथ शाम को आसपास के घरों में मच्छर धावा बोल देते है। मच्छरों के काटने से मलेरिया, बुखार से ग्रसित होने की आशंका बनी रहती है। न साफ सफाई की जाती है न ब्लिचिंग पॉवडर का छिड़काव किया जाता है।

### किया जा रहा प्रयास

ग्राम सरपंच संतोषी गंधर्व ने इस मामले में कहा कि गांव की गलियों का हाल पहले से ही ऐसा है। पूर्व कार्यकाल में कुछ नहीं किया गया। हमारे कार्यकाल में कोरोना काल में समय निकल गया। गांव में नाली निर्माण करने हेतु प्रस्ताव किया गया है। यथासंभव नाली निर्माण कराने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## डीएवी कोतरी के खिलाड़ियों का नेशनल और एमएमए प्रतियोगिता में चयन

**लोरमी।** ग्राम कोतरी के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कोरबा में गेवरा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और उनका चयन नेशनल के लिए हुआ है। अंडर-14 स्विमिंग में प्रथम बालक अभिजीत ध्रुव (कक्षा आठवीं), अंडर-14 शॉट पुट थ्रो द्वितीय बालिका लूपी जांगड़े (कक्षा नवमीं) का चयन नेशनल खेलने के लिए हुआ है। मुम्बई में आयोजित मिक्स मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में अंडर - 18 बालक आशुतोष उपाध्याय (कक्षा बारहवीं कॉमर्स) ने तीन राउंड के खेल में अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया है। कोतरी ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 29 जिले के 96 स्कूलों के 2400 छात्र-छात्राओं ने 30 खेलों में - अपनी प्रतिभा दिखाई। तीन स्तर के बच्चों का खेल आयोजन किया गया। पहला अंडर-14, दूसरा अंडर-17 व तीसरा अंडर-19 शामिल है। बच्चों के इस उपलब्धि पर प्राचार्य हिमांशु कुंवर ने कहा कि इस प्रदर्शन से पूरा विद्यालय गौरवान्वित हुआ है। सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य पाठ्य सहगामी क्रियाओं, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके।




नंदन
वंदन
अभिनंदन
विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय अरूण साव जी को प्रदेश के
उप मुख्यमंत्री बनने पर प्रथम न्यायधानी आगमन पर नंदन वंदन अभिनंदन
मा. अमर अग्रवाल
विधायक बिलासपुर
मा. धरमलाल कौशिक
विधायक बिल्हा
मा. धर्मजीत सिंह
विधायक तखतपुर
मा. सुशांत शुक्ला
विधायक बेलतरा
बृजमोहन सोनी
आनंद सोनी
कमल सोनी
गिरधारी लाल सोनी
नरेश सोनी
मनीष सोनी
अजय सोनी
अमित सोनी
श्रीयश सोनी
श्रीधर सोनी
यशवंत शर्मा
जय श्री श्याम
जय श्री श्याम
SHRI KHATU SHYAM JWELLERS
KHAPARGANJ, BESIDE KOSA POINT, MARWARI LINE BILASPUR
JJ Ad

# सीएम साय ने कहा- मल्टीस्पेशलिटी हासिपटल का काम 3 माह में पूरा करें, सिम्स प्रबंधन में हड़कंप


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

200 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे कोनी स्थित सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के ठेके की मियाद इसी माह पूरी हो रही है, वहीं प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का काम 3 महीने के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में सिम्स प्रबंधन में हड़कंप मच चुका है। बताया जा रहा है कि अभी भी अस्पताल के कई काम पूरे होने बाकी हैं, जिसमें सिविल वर्क में टाइल्स, इलेक्ट्रिसिटी, ट्राइलिंग शामिल है।

■ दिसंबर तक थी मियाद, अब 3 माह की मोहलत

सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारी इसी माह सिविल वर्क पूरा होने का दावा भी कर रहे हैं लेकिन सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल को बिना उन्नत उपकरण और पर्याप्त स्टाफ के चलाना मुश्किल है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में एमआरआई मशीन की स्थापना की जा चुकी है, जबकि एक्स-रे, ओपीडी, आपरेशन थिएटर के उपकरण बाकी है। इसके साथ ही एनआईसीयू और आईसीयू से संबंधित उपकरण की खरीदी की जा चुकी है, जबकि सप्लाई में देरी हो रही है। न्यूरो सर्जरी के कई सामान नहीं आए हैं। डीन डॉ कमल किशोर सहारे ने कहा कि कुछ फ्लोर में इलेक्ट्रिसिटी की समस्या है, जिसके लिए सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जल्द सुधारने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सिविल वर्क पूर्ण, डिवाइस इंस्टालेशन में लग सकता है 3 महीने का समय



**200 करोड़ का प्रोजेक्ट :** जानकारी के अनुसार सिम्स सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल और कैंसर सेंटर दोनों की 200 करोड़ का प्रोजेक्ट है। सीपीडब्ल्यूडी ने 98 करोड़ की लागत से सिविल और इलेक्ट्रिकल का ठेका लिया है। 11 मंजिल का अस्पताल 3 एकड़ में फैला है, जिसमें 60 आईसीयू बेड और 180 सामान्य बेड बनाए जाने हैं।

### इन विभागों की मशीनें ही नहीं आई

अस्पताल में उपकरण और मशीनों के इंस्टालेशन का ठेका हाइट्स कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा कॉर्डियोलॉजी, कार्डियोथैरेपी, न्यूरो सर्जरी, रेडियोलॉजी, अत्याधुनिक पैथौलेब तैयान किया जाना है। इसके लिए ठेका हुए 2 साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी भी कई मशीनें यहां नहीं आई है। विदेशों से आयातित इन मशीनों को कस्टम से यहां तक लाने में ही कंपनी को 6 माह से अधिक का समय लग रहा है।

### भाग गया था ठेकेदार

खास बात यह है कि अस्पताल निर्माण में 3 साल की देरी हो चुकी है। कुछ माह पहले विशाखापट्टनम के पेटी ठेकेदार बालाजी एल्यूमिनियम ने काम बंद कर दिया था। दरअसल सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में कार्यरत ठेका कंपनी एसडी प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने 4 करोड़ 20 लाख रूपए की हेरफेरी कर दी है, जिसके बाद पेटी ठेकेदारों का भुगतान लंबित कर दिया गया था। सीपीडब्ल्यूडी की फटकार के बाद ठेका कंपनी ने काम शुरू किया, लेकिन लेटलतीफी के चलते अस्पताल का काम सुस्त गति से चल रहा है।

### रिपेयरिंग का कुछ काम बाकी

सिविल का काम 98 फीसदी पूरा हो चुका है, काम रूका नहीं है। हमारा काम इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। जिसमें बिजली कनेक्शन और कुछ रिपेयरिंग वर्क बाकी है।

**-अनिल साहू,** एसडीओ, सीपीडब्ल्यूडी

### मशीनों का इंस्टालेशन चल रहा

उपकरणों का इंस्टालेशन चल रहा है, कुछ मशीनें आना बाकी है। स्टाफ की भर्ती के लिए व्यापमं और राज्य सरकार को पत्र भेजा गया था। दो माह में काम पूरा हो सकता है।

**-डॉ केके सहारे,** डीन, सिम्स

## खबर संक्षेप

### छग कर्मचारी कांग्रेस की बैठक 18 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस संगठन की बैठक 18 दिसंबर सोमवार को एसपी पाटनवार के निवास डीएलएस कॉलेज के सामने एकता नगर शकुंतला सदन में आयोजित है। जिले के समस्त तहसील, विकासखंड, जिला के पदाधिकारी एवं सदस्यों से उपस्थित की अपील है। यह जानकारी अरुण पांडे जिला शाखा अध्यक्ष ने दी।

### चापड़ लहराते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लोहे का चापड़ दिखाकर लोगों को धमकी देने वाले युवक को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली की मंगला चौक बस स्टॉप के पास एक व्यक्ति लोहे का चापड़ लेकर आने जाने वालों को धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम वहां पहुंची और घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष राजगीर पिता गणेश राजगीर 45 वर्ष गनियारी निवासी बताया। पुलिस ने उससे लोहे का चापड़ जब्त कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### खोकसा फाटक 18 19 को रहेगा बंद

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत चांपा-नैला स्टेशनों के मध्य समपार संख्या 343 खोकसा फाटक को आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते 18 दिसंबर सोमवार व 19 दिसंबर मंगलवार को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। उक्त मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग जांजगीर फाटक में बने रोड ओवरब्रिज से किया जा सकता है।

## नगर निगम ने जारी किया कर्मचारियों का वेतन

**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों को पिछले माह का वेतन जारी कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव की वजह से निगम में टैक्स वसूली का काम ठीक तरह से नहीं हो पाया था, इसलिए इस माह निगम कर्मचारियों को वेतन मिलने में थोड़ा विलंब हुआ है। नगर निगम में टैक्स वसूली का काम निगम का राजस्व विभाग का अमला और निजी ठेका कंपनी स्पायरो दोनों के द्वारा किया जाता है। निगम के पुराने एरिया शहर में ठेका कंपनी स्पायरो के कर्मचारियों द्वारा टैक्स वसूली की जाती है। इसके अलावा निगम में शामिल नए ग्रामीण एरिया में राजस्व विभाग के कर्मचारी टैक्स वसूली का काम करते हैं। पिछले माह अक्टूबर में ठेका कंपनी द्वारा कुछ खास टैक्स वसूली नहीं की गई और निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारी विधानसभा निर्वाचन कार्य में लगे हुए थे। इसलिए निगम के नए एरिया से टैक्स वसूली बिलकुल भी नहीं हो पाई। टैक्स वसूली नहीं होने से नगर निगम के आर्थिक स्थिति पर असर पड़ता है। इसीलिए वेतन मिलने में निगम कर्मचारियों को इस बार थोड़ा विलंब हुआ है। नगर निगम में नियमित लगभग 1200 कर्मचारी है। इसके अलावा टास्क फोर्स एवं अस्थाई कर्मचारियों की संख्या मिलाकर कुल दो हजार से भी अधिक कर्मचारी है। इन सभी कर्मचारियों के वेतन में ही निगम को हर माह करीब 3 करोड़ रुपए खर्च होता है। अधिकांश कर्मचारियों के वेतन मद में शासन द्वारा राशि निगम को दिया जाता है।

■ टैक्स वसूली कम होने के चलते हुआ विलंब

## निर्माणाधीन अटल आवास से 50 सेंट्रिंग प्लेट सहित डेढ़ लाख की चोरी

**बिलासपुर।** गरीबों के लिए बन रहे अटल आवास में भी अब चोरों की नजर है। खमतराई में निर्माणाधीन अटल आवास से 50 नग छोटे-बड़े एल्युमिनियम के सेंट्रिंग प्लेट चोर ले गए। निर्माणाधीन अटल के एकाउंटेंट ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ड्रीम इन्लोयव सोसायटी अशोक नगर सरकंडा निवासी 32 वर्षीय स्वदीप चौधरी खमतराई में बन रहे अटल आवास में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उक्त अटल आवास बिल्डिंग को आर्यन बिल्डर्स रायपुर के द्वारा बनाया जा रहा है। वहां कुल 145 मकान निर्माणाधीन हैं। इनकी ढलाई में एल्युमिनियम की सेंट्रिंग प्लेट का उपयोग किया जा रहा है। अज्ञात चोर दो-तीन दिनों से मकानों का गेट खोलकर अंदर प्रवेश कर चोरी कर रहे हैं। अब तक छोटे-बड़े एल्युमिनियम के 50 नग सेंट्रिंग प्लेट जिसकी कीमत 1 लाख 50 हजार है, उसे चोरी कर चुके हैं। मामले की जानकारी होने के बाद एकाउंटेंट स्वदीप ने इंजीनियर अभिषेक पाण्डेय के साथ सरकंडा थाना पहुंच शिकायत दर्ज कराई है।



## राउत बाजार से लौट रहे बुजुर्ग पर टांगी से हमला

**बिलासपुर।** राउत बाजार देखकर नातियों के साथ घर लौट रहे बुजुर्ग पर युवकों ने टांगी से हमला कर दिया, जिसके कारण उनकी उंगली में चोट आई। युवक वहां से फरार हो गए। बुजुर्ग ने थाने पहुंच मामले की शिकायत दर्ज कराई है। ग्राम परसाही निवासी लखन यादव 70 वर्ष खेती किसानी का का करते हैं। 14 दिसंबर गुरूवार को वो राउत नाचा देखने मटियारी गए थे। वहां से अपने नाती मुकेश और साहिल यादव के साथ मोटर सायकल से घर लौट रहे थे। रात तकरीबन 9:30 बजे जब वो प्लास्टिक फैक्टरी के पास पहुंचे थे तभी सामने मोहरा की ओर से एक मोटर सायकल में तीन लोग आए और गाली-गलौच करते हुए हाथ में रखे टांगी से बुजुर्ग पर हमला कर दिया। इससे उनके दाहिने हाथ की उंगली में चोट लगी और खून निकलने लगा। बुजुर्ग ने थाने पहुंच मामले में शिकायत दर्ज कराई है।







